उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# केन्द्रीय कृषि अभियांत्रकी संस्थान का विधान सभा की कृषि विकास समिति ने किया भ्रमण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधान सभा की कृषि विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने भाकृअनुप–केन्द्रीय कृषि अभियांत्रकी संस्थान,भोपाल का भ्रमण किया तथा फसल अवशेष प्रबंधन एवं

पराली जलाने की गंभीर समस्या पर एक महत्वपूर्ण बैठक एवं विचार–विमर्श आयोजित किया। बैठक में विशेष रूप से मध्य प्रदेश में फसल अवशेष प्रबंधन की वर्तमान स्थिति, चुनौतियाँ, पर्यावरणीय प्रभाव तथा उनके सतत समाधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। कृषि विकास समिति, मध्य प्रदेश विधान सभा के माननीय सभापति श्री ठाकुरदास नागवंशी ने अपने उद्बोधन में फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित तकनीकों के मूल्यांकन एवं प्रसार में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि अवशेषों के अनुचित प्रबंधन से उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए संस्थानों, नीति–निमार्ताओं, उद्योगों एवं किसानों के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा सके। विधान सभा सचिवालय के अपर सचिव श्री उमेश शर्मा ने कृषि विकास समिति बैठक के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने फसल अवशेषों की बढ़ती मात्रा एवं पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रभावी प्रबंधन रणनीतियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पराली प्रबंधन के संबंध में ने भाकृअनुप की रिपोर्ट एवं अनुशंसाओं का उल्लेख करते हुए मध्य प्रदेश शासन एवं आईसीएआर संस्थानों द्वारा जागरूकता, मशीनीकरण एवं तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से किए जा रहे गंभीर प्रयासों की सराहना की। भाकृअनुप–केन्द्रीय कृषि अभियांत्रकी संस्थान,भोपाल के निदेशक डॉ. सी.आर. मेहता ने संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों एवं वर्तमान गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन हेतु संस्थान द्वारा विकसित तकनीकों एवं उनके प्रभावों पर प्रकाश डाला, जिनमें उन्नत कृषि यंत्र एवं सतत उपयोग की विभिन्न तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने सेंसर, आईओटी, रोबोटिक्स, आईओटी आधारित स्मार्ट भंडारण प्रणाली, नवीकरणीय ऊर्जा तथा मिलेट एवं सोया आधारित नवाचार खाद्य उत्पादों से संबंधित संस्थान की विभिन्न परियोजनाओं की भी जानकारी दी।